क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 15.09.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज छह वंदे भारत रेलगाड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए अनेक पहल कर रही है।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देहरादून में बालिका आत्मरक्षा और कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। कहा– बालिकाओं को आत्मरक्षा कौशल के साथ डिजिटल युग में सक्षम बनाना सरकार की प्राथमिकता।
- चम्पावत जिले के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री ने जिले में महिला प्रौद्योगिकी केंद्र का लोकार्पण किया।

पीएम– वंदे भारत रेलगाड़ी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रांची हवाई अड्डे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से टाटा नगर – पटना सहित छह वंदे भारत रेलगाड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे भारत रेल गाड़ियों के चलने से झारखंड और पड़ोसी राज्यों सहित देश के पूर्वी क्षेत्रों में आर्थिक और

सांस्कृतिक गतिविधियों में तेजी आएगी। श्री मोदी ने कहा कि इन रेलगाड़ियों से पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। इससे रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र झारखंड के चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## अखिल भारतीय गोष्ठी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए अनेक पहल कर रही है। मुख्यमंत्री ने संस्कृत भारती की ओर से देहरादून और हरिद्वार में आयोजित अखिल भारतीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने देववाणी संस्कृत को मुख्यधारा में वापस लाने के प्रयास पर जोर दिया। श्री धामी ने कहा कि सरकार सार्वजनिक स्थलों पर भी संस्कृत भाषा में स्लोगन और बोर्ड लगाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि संस्कृत भाषा को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा अभिव्यक्ति का साधन है और मनुष्य के समग्र विकास की कुंजी है, इसी से मानव सभ्यताओं का विकास हुआ है। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि संगोष्ठी में देशभर से संस्कृत के विद्वान आए हैं और संस्कृत भाषा के संवर्धन के लिए साधक के रूप में काम कर रहे हैं। परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि उत्तराखंड की धरती पर संस्कृत भाषा के उन्नयन के प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि लोग संस्कृत भाषा को जान सकें।

## माता मूर्ति उत्सव

श्री बदरीनाथ धाम में भाद्रपद बामन द्वादशी तिथि के अवसर पर माता मूर्ति उत्सव आज उल्लासपूर्वक मनाया गया। आज सुबह बदरीनाथ मंदिर में बाल भोग के बाद गढ़वाल राइफल्स के बैंड और जय बदरीविशाल के उदघोष के साथ भगवान बदरीविशाल के प्रतिनिधि श्री उद्धव और आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी माता मूर्ति मंदिर के लिए रवाना हुई। इस अवसर सात हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने माता मूर्ति व देव डोलियों के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। बदरी–केदार नाथ मंदिर समिति के जन संचार प्रभारी डॉ हरीश गौड़ ने बताया कि देव डोलियों के श्री बदरीनाथ पहुंचते ही मंदिर श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए खुल गया है।

## शुभारंभ

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने आज देहरादून स्थित राजभवन के आवासीय कॉलोनी में बालिका आत्मरक्षा और कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि केंद्र को बनाने का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा कौशल के साथ डिजिटल युग में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ये समय बालिकाओं को आत्मनिर्भर और उन्हें हर चुनौति के लिए तैयार करना है। इस केंद्र में बालिकाओं को आपात स्थिति से निपटने के लिए कराटे, ताइक्वांडो और मार्शल आर्टस सिखाई जाएगी। साथ ही इसमें बच्चों को कंप्यूटर का आधारभूत ज्ञान और अन्य तकनीकी कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में राज्यपाल ने राजभवन की पत्रिकाओं ''देवभूमि संवाद'' और ''नन्दा'' का विमोचन और सगंध पौध वाटिका का भी उद्‌घाटन किया।

इस मौके पर उन्होंने जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए।

## चंपावत स्थापना दिवस

आज चम्पावत जिला का 27वां स्थापना दिवस है। इस अवसर पर जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। गौरतलब है कि 15 सितंबर 1997 में चंपावत को एक स्वतंत्र जिला घोषित किया गया था। इससे पहले चंपावत अल्मोडा जिले का एक हिस्सा था।

चंपावत के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअली प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिले में स्थापित महिला प्रौद्योगिकी केंद्र का उद्‍घाटन किया। साथ ही इसरो के माध्यम से आदर्श चंपावत स्थानिक डैशबोर्ड मानचित्र का उद्‍घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आदर्श चंपावत के तहत जिले में विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं।

## बागेश्वर जिला चिकित्सालय

बागेश्वर के जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने आज जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने अस्पताल में निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्था से समन्वय स्थापित कर कार्य की निगरानी करने को कहा। उन्होंने चिकित्सालय में बंद पड़े जन औषधि केंद्र को पुनः क्रियाशील करने के

लिए आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में मरीजों से बात कर उनका हालचाल जाना और व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## अभियंता दिवस

आज अभियंता दिवस है। महान अभियंता सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्म दिन पर य दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अभियंता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने अभियांत्रिकी के क्षेत्र में योगदान के लिए सर विश्वेश्वरैया के योगदान का स्मरण किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि देश की प्रगति, नवाचार और चुनौतियों से निपटने में अभियंताओं का योगदान सराहनीय रहा है।

श्री शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अभियंता देश के विकास, नवाचार और प्रगति में मुख्य भूमिका निभाते है। श्री अमित शाह ने भारत रत्न से सम्मानित सर एम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी बहुमूल्य विरासत भारत का भविष्य बनाने में अभियंताओं को प्रेरित करती रहेगी।

## मौसम

राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में आज मौसम साफ रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 36 घंटे के दौरान प्रदेश में मौसम सामान्य रहेगा, जबकि 17 से 19 सितंबर तक राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश का अनुमान है। वहीं, राज्य में 12 और 13 सितंबर को हुई भारी बारिश के बाद अवरूद्ध मार्गों को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में अधिकतर अवरूद्ध मार्गों को यातयात के लिए सुचारू कर दिया गया है। चमोली, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी में यात्रा मार्गों पर आवागमन सुचारू रूप से जारी है।

## मादक पदार्थ तस्कर

उधमसिंह नगर पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सफलता हासिल की है। पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप– एसओजी और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स– एएनटीएफ की टीम ने लांबाखेड़ा रोड और बहेड़ी बॉर्डर क्षेत्र से चेकिंग के दौरान दो मादक पदार्थ तस्करों को करीब 48 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है, जिसकी कीमत 17 लाख रुपये से अधिक है।